



## एक नजर में

### मक्सी में गुर्जर को मिली प्रदेश की नई जिम्मेदारी



**मक्सी।** समीपस्थ ग्राम उपड़ी के युवा समाजसेवी डॉ. सुरेश गुर्जर को वैकल्पिक चिकित्सक संघ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अभिमन्यु सिंह द्वारा प्रदेश महामंत्री डॉ. दीपक परसैया की सहमति और प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. नीलम विश्वकर्मा की अनुशंसा पर चिकित्सक संघ मध्य प्रदेश के प्रिंट मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। यह जिम्मेदारी गुर्जर को संभागीय मीडिया प्रभारी रहते किए गए संगठन हितैषी कार्य और संगठन के प्रति उत्कृष्ट सेवा का प्रतिफल माना जा रहा है। डॉ। सुरेश गुर्जर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से पद का निर्वाहन करुंगा। संगठन के हितों के लिए कभी पैर पीछे नहीं रखूंगा। नियुक्ति पर डॉ। एलएन वर्मा, डॉ। एसपी सिंह, डॉ अनिल शर्मा, डॉ इसरार मोहम्मद, डॉ सुनील दत्त, डॉ आरसी शर्मा, डॉ आरएन मिश्रा, डॉ भालचंद्र तिवारी, डॉ महेश प्रजापति, डॉअंबाराम मालवीय, डॉ सुहागमाल मेवाड़ा, डॉ मेतवानी, डॉ रमन गुर्जर, डॉ राकेश चोलिया, डॉ। सादिक, डॉ सिद्दीकी, डॉ जगदीश सोनी, डॉलक्ष्मण जाट, डॉ। छोटे शाह, डॉ। भरत विश्वकर्मा, डॉ। महेश नायक, डॉ। अजय शर्मा, डॉ। गिरीश भावसार, डॉ। राजेश भावसार, डॉ। अर्जुन लश्कण, डॉ। सुरेश पाटीदार, डॉ। योगेंद्र लोधी, डॉ। गणेश राव, डॉ। एलएन लोधी, डॉ। एम खान, डॉ। खुशपाल सिंह खींची, डॉ। सौरभ भावसार, डॉ। सक्षम पाटीदार, डॉ। विनय भावसार, डॉ। उमराव गुर्जर, डॉ। कमल मालवी, डॉ। मिथुन गुर्जर, डॉ। आयुष लोधी सहित अन्य चिकित्सकों ने बधाई प्रेषित कर शुभकामनाएं दी।

### वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म, अब बढ़ेगा तापमान

**शाजापुर।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिमी विक्षोभ के चलते बदल रहे मौसम का मिजाज अब गर्म होने जा रहा है। बुधवार सुबह कुछ देर के लिए हुई बूंदाबांदी के बाद बेमौसम बारिश का दौर खत्म हो चुका है, जिसके बाद दिनभर ठंडी हवा चलती रही। मौसम विभाग की माने तो आगामी 14 अप्रैल से तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक भी पहुंच सकता है। फिलहाल कुछ दिनों तक ठंडी हवाएं राहत देगी। मार्च माह से ही मौसम परिवर्तन का सिलसिला चल रहा है, कभी नगर में हल्की बारिश हो रही है तो कभी मौसम सर्द हो रहा है। वहीं दिन में लोगों को तीखी धूप का भी सामना करना पड़ा था। इसके अलावा मार्च माह में बेमौसम बारिश भी देखने को मिली थी। यही हाल अप्रैल माह में भी हैं जिसके पहले सप्ताह में ही मौसम बार बार बदल रहा है। मंगलवार रात से नगर में सर्द हवाओं ने डेरा डाल रखा है तो बुधवार सुबह हल्की बारिश हुई जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। इसके बाद दिनभर हवा चलने से लोगों को दिन में भी गर्मी से राहत रही। लेकिन अब मौसम विभाग ने बेमौसम बारिश की संभावना से इंकार किया है, उनका कहना है कि अब तापमान में वृद्धि होगी और तीखी गर्मी का दौर शुरू होगा जो पूरे मई माह में भी जारी रहेगा।

**हल्की बारिश के बाद खुला मौसम**

नगर में बुधवार सुबह आसमान पर बादल छाए, लगा कि तेज बारिश होगी लेकिन कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो गया। हालांकि दिनभर ठंडी हवा चलती रही। इस दिन तापमान में भी वृद्धि हुई जो 34 डिग्री से बढ़कर 36 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान में वृद्धि होती रहेगी और मौसम गर्म होगा जो 40 डिग्री तक पहुंचेगा, उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में बारिश की भी कोई संभावना नहीं है।

### सुनेरा ब्रिज पर पलटा गेहूं से भरा ट्रक



**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे ।52 स्थित सुनेरा ब्रिज पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक में सवार क्लीनर घायल हो गया, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं, घटना बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है। ट्रक में गेहूं के बोरे भरे हुए थे, जो पलटने के बाद सड़क पर बिखर गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर ब्रिज के पास पलट गया। सूचना मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। डायल 112 की मदद से घायल क्लीनर आशीष को इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार ट्रक चालक की स्थिति सामान्य है। इस हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे बाद में सुचारु कर दिया गया।

### आमने सामने भिड़े एंबुलेंस और ऑटो, चार घायल



**शाजापुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। रात करीब 11 से 12 बजे के बीच सांपखेड़ा गांव के पास नहर के पास तेज रफ्तार 108 एंबुलेंस और एक लोडिंग ऑटो की आमने सामने टक्कर हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक मोटरसाइकिल भी हादसे की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोडिंग ऑटो पलट गया और उसमें भरी सब्जियां सड़क पर फैल गई। हादसे में ऑटो चालक समेत कुल चार लोग घायल हो गए। एंबुलेंस का आगे का हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची पायलट समीर और आरक्षक शैलेंद्र शर्मा ने घायलों को तुरंत शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों के नाम राधेश्याम, हुकम सिंह, राजेंद्र सिंह और राजेश बताए गए हैं। अस्पताल में दो लोगों को हल्की चोट आई जबकि दो घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद परिजन दूसरे अस्पताल ले गए, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**शाजापुर।** टंकी चौराहा स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक अपना क्षतिग्रस्त वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। घायलों की पहचान सीमा चौहान 48, अंकित चौहान 25 और निकिता चौहान 20 के रूप में हुई है। पीड़ित अंकित चौहान ने बताया कि वह अपनी मां और बहन के साथ बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की गति काफी तेज थी और टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया, जहां फिलहाल उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस फरार चालक की पहचान के लिए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# भीमसिंह के बाद अब राहुल पर गिरी गाज

## सटोरिये से बातचीत का ऑडियो वायरल होने पर आरक्षक को किया लाइन अटैच

**शाजापुर। इन दिनों पुलिस की शनि दशा सही नहीं चल रही है। पिछले दिनों जुएं-सट्टे और हाजरवल्ली का संरक्षण करने पर मोहन बड़ोदिया के थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल को लाइन हाजिर होना पड़ा। अब मक्सी थाने में पदस्थ सूचना संकलन का काम करने वाले एक आरक्षक का ऑडियो वायरल होने पर लाइन में जमा कर दिया गया। कहने को तो आरक्षक राहुल जाट सूचना और संकलन करते थे, लेकिन वे सूचना रखते थे सटोरियों की और संकलन करते थे पैसे का।**

गौरतलब है कि मक्सी में पदस्थ आरक्षक राहुल जाट की लगातार पैसे वसूली की शिकायतें आ रही थी। एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें वे सटोरिये से बातचीत कर रहे हैं।

ऑडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने तत्काल प्रभाव से आरक्षक को लाइन हाजिर किया और मामले की जांच के आदेश दिए। ऐसे ही पिछले दिनों मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल को भी जुएं, सट्टे के संरक्षण के मामले में थाने से हटाकर लाइन हाजिर किया गया था और इस मामले की भी जांच चल रही है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ी बात यह है कि आरक्षक एक मैडम का जिक्र कर रहा है, तो आखिर वो मैडम है कौन? क्योंकि मक्सी थाने में न तो कोई महिला पुलिस अधिकारी हैं और न ही जिला मुख्यालय पर कोई महिला पुलिस अधिकारी है।

**पुलिस की छवि बिगाड़ने में लगे है कई आरक्षक और थाने के कर्मचारी...**

मोहन बड़ोदिया का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि मक्सी के एक आरक्षक का ऑडियो वायरल हो गया। पिछले दिनों एक चौकी में भी चांदी का मामला सुर्खियों में था। जिसमें चांदी को लेकर व्यापारी और संदिग्धों के बीच मांडवाली कराई थी पुलिस ने। लगातार ऐसे मामले आने से पुलिस की छवि पर भी विपरित असर पड़ रहा है। हालांकि जो मामले संज्ञान में आते हैं, उन पर कार्यवाही भी की जा रही है, लेकिन उसके बाद भी जिले के थानों में पदस्थ कई पुलिसकर्मी अवैध वसूली से बाज नहीं आ रहे हैं।

**कई दिनों से खबर आ रही थी राहुल जाट की**

मक्सी थाने में पदस्थ आरक्षक राहुल जाट, जो सूचना संकलन का काम करता था, उसके खिलाफ लगातार अवैध वसूली और सटोरियों से मिलीभगत की लगातार शिकायत आ रही थी। बीते 15 दिन में कई ऑडियो उसके वायरल हुए और आखिरकार ऑडियो वायरल होते ही पुलिस अधीक्षक ने मामले में संज्ञान लिया और राहुल जाट को लाइन हाजिर कर दिया। अब इस मामले की जांच के बाद पता चलेगा कि कौन मैडम है, जिसका ऑडियो में जिक्र है और सटोरिये से वे कब से संपर्क में थे।

### अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 16 को

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार और कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक शासकीय आईटीआई शाजापुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा सेल्समैन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक हेल्पर, एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, बीमा सलाहकार आदि पदों पर कंपनियों के रिक्त लगभग 200 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगे।

# गुरुजी बेरोजगार, तो चेले से भी छिन गया रोजगार

**पुलिस डायरी**
मनोज पुरोहित

हवा को अपनी आजादी पर बड़ा गुमान था, लेकिन लोगों ने हवा को गुब्बारे में भरकर बेच दिया। कुछ ऐसा ही गुमान जिले के एक थाना प्रभारी को था कि उनकी कुर्सी को कोई हिला नहीं सकता है, लेकिन ओपन टू क्लोज के एक चलचित्र ने थाना प्रभारी की कुर्सी हिला दी और थाने से हटाकर उन्हें बेरोजगार कर दिया। यानि कि लाइन हाजिर कर दिया।

अब खबर आई है कि वे पहले जिस थाने में थे, वहां चेले भी गुरु का ही अनुसरण कर रहे थे। तो गुरु की तर्ज पर आज चेला भी धरा गया। चलचित्र तो नहीं, चेले का एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें वो गुरुजी के पदचिन्हों पर चलते हुए सुनाई दे रहे हैं। ये ऑडियो जैसे ही महामहिम के कानों तक पहुंचा, तो उन्होंने गुरु की तर्ज पर चेले से भी रोजगार छीन कर उसे बेरोजगार कर दिया। अब गुरु-चेले दोनों बेरोजगार होकर लाइन में नीम के पेड़ के नीचे बैठकर अपने रोजगार के दिन याद कर रहे हैं। गुरुजी को गुमान था कि उन्हें कोई थाने से हटा नहीं सकता था। यही गुमान कुछ हद तक उनके चेले को मक्सी में था। लेकिन कहा जाता है कि बुलंदी हर शख्स के हिस्से में ज्यादा देर नहीं ठहरती है। जिस डाली पर बैठे हो, वो टूट भी सकती है।

**बड़ोदिया और सुनेरा पर गिद्ध जैसी नजर...**

मोहन बड़ोदिया थाने पर भीम की विदाई के बाद दो सितारों वाले कंधे पर जिम्मेदारी है। यही हाल सुनेरा का भी है। अब कई थाना प्रभारी लक्ष्मी दर्शन और मनी रोग से पीड़ित होकर सुनेरा और बड़ोदिया की जुगाड़ में हैं। जिस प्रकार गिद्ध की नजर अपने शिकार पर होती है, उसी प्रकार कई थाना प्रभारियों की नजर सुनेरा और बड़ोदिया थाने की कुर्सी पर है। अब देखना यह है कि किसके नाम का रिचार्ज होता है और कौन बड़ा टॉप अप डलवाता है।

**साइबर वालों के लिए भी सुनहरा अवसर**

इन दिनों आईपीएल मैच चल रहे हैं। यदि साइबर वाले सक्रिय हो गए, तो इस भीषण गर्मी में भी उनकी दिवाली हो सकती है। क्योंकि शहर में आईपीएल का जबरदस्त सट्टा चल रहा है। यदि साइबर सेल मुस्तैदी से इस पर काम करे, तो कई सटोरिये जो क्लोज हैं, वो ओपन हो जाएंगे। आईपीएल सटोरियों का मानो इन दिनों महाकुंभ शुरू हो गया हो।

**शहर के खेल के मैदान बने शराब खोरी के अड्डे...**

गर्मी के इस मौसम में इन दिनों स्टेडियम ग्राउंड और हायर सेकंड्री ग्राउंड मयखाने में तब्दील हो गए हैं। शाम होते ही इन मैदानों पर आपको सुरा प्रेमियों का जगह-जगह जमावड़ा मिल जाएगा। जबकि स्टेडियम ग्राउंड के पास तो लालघाटी थाना ही है। शाम होते ही स्टेडियम में शराब पीने वालों का ऐसा मेला लगता है, मानो जैसे शराब पीने की कोई प्रतियोगिता हो रही हो। इन सुरा प्रेमियों के कारण खेल मैदान कूड़ाघर बन जाता है, क्योंकि ये सुरा प्रेमी शराब की खाली बोतल और कैन यहीं फैंक देते हैं, जिससे खिलाड़ियों को परेशानी उठाना पड़ती है।

**अंत में...**

गुरु गुड़ रह गया, चैला शक्कर हो गया।।। लूटने के हुनर में वो, उस्ताद से भी ऊपर हो गया।

## शुजालपुर और कालापीपल के उर्वरक विक्रताओं की ली मीटिंग



**शाजापुर। शासन द्वारा 1 अप्रैल से शाजापुर जिले में उर्वरकों का शत प्रतिशत वितरण ई विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।**

इस संबंध में उपसंचालक कृषि आरएल जामरे द्वारा विकासखण्ड शुजालपुर एवं कालापीपल में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक ली। बैठक में उपसंचालक कृषि द्वारा उपस्थित विक्रेताओं को ई विकास पोर्टल पर किए गए नवीन अपडेट एवं तकनीकी सुधारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे शासन के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई विकास प्रणाली के माध्यम से ही सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में मैन्यूअल वितरण नहीं किया जाए तथा यदि किसी विशेष स्थिति में तकनीकी समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया जाए। साथ ही ई विकास प्रणाली के माध्यम से वितरण करने से किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता की सटीक जानकारी, समय पर वितरण तथा पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उपसंचालक कृषि ने सभी विक्रेताओं से अपेक्षा की कि वे पोर्टल का समुचित उपयोग करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी शुजालपुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कालापीपल, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे।

# स्थाई कनेक्शन के लिए फिर बिजली ऑफिस पहुंचे रहवासी

## कंपनी अधिकारियों का कहना अवैध कॉलोनी में कैसे करें व्यवस्था, समस्या का नहीं हो रहा समाधान



**शाजापुर। वार्ड 25 स्थित द्वारकापुरी कॉलोनी के रहवासी अस्थाई बिजली कनेक्शन के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं, जिन्हें कमर्शियल रेट पर बिल भरना पड़ रहे हैं। वहीं उनके पास स्थाई कनेक्शन भी नहीं है। इसे लेकर रहवासियों ने बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या बताई, लेकिन कंपनी अधिकारी भी उनकी कोई मदद नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि यह अवैध कालोनी है जिसमें बिजली कंपनी द्वारा व्यवस्था नहीं की जा सकती।**

बुधवार दोपहर लालघाटी स्थित बिजली कंपनी कार्यालय पर प्रदर्शन किया, लोगों ने अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में खराब विद्युत व्यवस्था की शिकायत की। रहवासियों ने बताया कि कालोनी में बिजली के खंभे और जरूरी संसाधन नहीं हैं। ऐसे में लोग बांस बल्लियों के सहारे तार खींचकर घरों तक बिजली पहुंचा रहे हैं। इससे कई हादसे भी हो चुके हैं और लोगों की जान को खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि शहर में फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान काफी स्क्रैप सामग्री जैसे पोल और तार उपलब्ध हैं, इनका उपयोग कालोनी में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए किया जा सकता है।

**कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई...**

स्थानीय रहवासी अशोक पाटीदार और नरेंद्र मालवीय ने बताया कि कालोनी में सैकड़ों परिवार रहते हैं, लेकिन स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं है। इसके बावजूद उन्हें भारी बिजली बिल भरना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि कालोनी में अस्थाई कनेक्शन हैं जिनका बिल कमर्शियल रेट से आता है, इस कालोनी में रहने वाले गरीब परिवार के लोग हैं जो इतना खर्चा वहन नहीं कर सकते।

**रहवासी स्वयं चंदा कर करें व्यवस्था...**

अधिकारियों ने मामले को लेकर बताया कि उक्त कालोनी अवैध है, जिसके चलते उनकी कॉलोनी में स्थाई कनेक्शन नहीं दिए जा सकते या तो रहवासी खुद से चंदा कर यहां व्यवस्था करें या फिर कालोनाईजर से व्यवस्था करवाई जाए। अधिकारियों ने रहवासियों से कहा कि वे आपकी केवल इतनी मदद कर सकते हैं कि आपको स्टीमेट बनाकर दे सकते हैं, लेकिन अवैध कालोनी होने के कारण हम लोग भी आपकी कोई मदद नहीं कर सकते।

**एक नजर में** — 10 अप्रैल से 5 मई तक समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

# आगर जिले में गेहूं खरीदी के लिए बनाए 42 उपार्जन केंद्र

**सोयतकलां। मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जिले में 10 अप्रैल से 5 मई 2026 तक किया जाएगा।**

कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जिले में कुल 42 गेहूं उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। आगर, बड़ौद, सुसनेर एवं नलखेड़ा तहसीलों में विपणन सहकारी संस्थाओं तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीदी कार्य समिति स्तरीय केंद्रों, मंडी प्रांगणों एवं विभिन्न वेयरहाउसों में संचालित होगा।

जारी आदेश के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु तहसील आगर अन्तर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था आगर के लिए खरीदी स्थल केसर वेयर हाउस पालखेड़ी उज्जैन रोड़ है। इसी तरह प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कानड़-1, खरीदी स्थल, समिति स्तरीय मंडी प्रांगण कानड़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था तनोड़िया-1, खरीदी स्थल सीतानारायण वेयरहाउस बड़गोन फन्टा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था चांदनगांव खरीदी स्थल बालाजी वेयरहाउस चांदनगांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था नरवल खरीदी स्थल चंदा वेयर हाउस नरवल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पिपलोनकलां खरीदी स्थल खुशी वेयर हाउस तनोड़िया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पालड़ा खरीदी स्थल अरिहंत वेयरहाउस आगर, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था झलारा, खरीदी स्थल, सेवन सी वेयर हाउस झलारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था तनोड़िया-2 समिति स्तरीय मंडी प्रांगण तनोड़िया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था कानड़-2 खरीदी स्थल, समिति स्तरीय मंडी प्रांगण कानड़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पिपलिया घाटा खरीदी स्थल बालाजी वेयरहाउस बैजनाथ रोड़ आगर, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आगर खरीदी स्थल, सीतामोती वेयरहाउस निपानिया बैजनाथ, मां बिजासन स्व सहायता समूह रणायरा राठौर खरीदी स्थल समिति स्तरीय मंडी आगर, हुसैन स्व सहायता समूह लांपाखेड़ी खरीदी स्थल बापू वेयर हाउस थड़ौदा, जय श्रीकृष्णा स्व सहायता समूह मानकपुर खरीदी स्थल बद्रीलाल वेयर हाउस कानड़ को खरीदी केन्द्र स्थापित किया गया।

**यहां भी बनाए गए खरीदी केंद्र...**

तहसील बड़ौद अंर्तगत प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मदकोटा 01 खरीदी स्थल सुगनदेवी वेयर हाउस कांगनीखेड़ा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मदकोटा 02 खरीदी स्थल समिति स्तरीय मदकोटा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बीजानगरी खरीदी स्थल समिति स्तरीय बीजानगरी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था झोंटा खरीदी स्थल वेंकटेश वेयर हाउस एवं तौलकांटा कांगनीखेड़ा प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था निपानिया हनुमान खरीदी स्थल सिंद्धांचल वेयर हाउस, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बड़ौद 01 खरीदी स्थल समिति स्तरीय देवरूडी खजूरी बड़ौद बायपास रोड़, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बड़ौद 02 खरीदी स्थल देवरूडी खजूरी बड़ौद बायपास रोड़, स्टार स्व सहायता समूह कंकडेल खरीदी स्थल गणेश वेयरहाउस गुराड़िया तथा विपणन सहकारी संस्था बड़ौद खरीदी स्थल वेंकटेश वेयर हाउस कार्पोरेशन कांगनीखेड़ा बड़ौद रोड़ को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार तहसील सुसनेर अन्तर्गत भी खरीदी केंद्र बनाए गए हैं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम विद्यालय में प्रवेश के समय त्रुटिवश परीनिधि ठाकुर (PARINIDHI THAKUR) पिता का नाम MANOJ SINGH एवं माता का नाम SONI दर्ज हो गया था, जो कि गलत एवं असत्य हैं। मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम **परीनिधि सिंह ठाकुर** (PARINIDHI SINGH THAKUR) पिता का नाम **मनोज कुमार ठाकुर** (MANOJ KUMAR THAKUR) एवं माता का नाम **सोनी भदोरिया** (SONI BHADORIYA) से जाना एवं पहचाना जाए।

**मनोज कुमार ठाकुर पिता श्री जगदीश सिंह**
वार्ड नं. 01, इर्न्टनल स्कूल के पास, शाजापुर, म.प्र.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम विद्यालय में प्रवेश के समय त्रुटिवश वैभव ठाकुर (VAIBHAV THAKUR) पिता का नाम MANOJ SINGH एवं माता का नाम SONI दर्ज हो गया था, जो कि गलत एवं असत्य हैं। मेरे पुत्र को उसके वास्तविक नाम **वैभव सिंह ठाकुर** (VAIBHAV SINGH THAKUR) पिता का नाम **मनोज कुमार ठाकुर** (MANOJ KUMAR THAKUR) एवं माता का नाम **सोनी भदोरिया** (SONI BHADORIYA) से जाना एवं पहचाना जाए।

**मनोज कुमार ठाकुर पिता श्री जगदीश सिंह**
वार्ड नं. 01, इर्न्टनल स्कूल के पास, शाजापुर, म.प्र.